रिश्तों को मजबूत करने का लिया संकल्प

- आपसी संबंधों को और गहरा करने पर सहमति
- भारत-नेपाल की द्विपक्षीय वार्ता में हुए अहम समझौते



नई दिल्ली, 07 जून. नई दिल्ली स्थित नेपाल दूतावास ने शनिवार को नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनल और उनके भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर के बीच वार्ता के दौरान भारत और नेपाल अपने द्विपक्षीय संबंधों को अधिक गहरा और व्यापक बनाने पर सहमत हुए.

प्रेस रिलीज में कहा गया, दोनों पक्ष विकास साझेदारी, बेहतर कनेक्टिविटी और आपसी फायदे के जरूरी क्षेत्र में मजबूत साझेदारी के जरिए आपसी संबंधों को और गहरा और बड़ा करने पर सहमत हुए. बताया गया कि दोनों मंत्रियों ने जून 2023 में साइन किए गए एनसीएचएल और एनपीसीआई के बीच एमओयू के तहत पी2पी क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट ट्रांजेक्शन को चालू करने और भारत की डेवलपमेंट मदद से नेपाल में बने 72 स्वास्थ्य क्षेत्र और 12 सांस्कृतिक क्षेत्र के भूकंप के बाद के रिकंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स को सौंपने के बारे में मिलकर घोषणाएं कीं. काठमांडू यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के सेंटर फॉर डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल इंडिया भाषानी डिवीजन के बीच वॉइस फर्स्ट लैंग्वेज ट्रांसलेशन प्लेटफॉर्म के लिए नेशनल डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलकर बनाने के लिए एमओयू एक्सचेंज हुआ.

> उन्होंने आपसी चिंता के क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की, जिसमें मल्टीलेटरल फोरम में सहयोग भी शामिल है. खनाल ने शनिवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से उनके दफ्तर में मुलाकात की. दोनों ने नेपाल-भारत के आपसी संबंधों को और मजबूत करने से जुड़े कई मामलों पर चर्चा की. नेपाल के विदेश मंत्री खनाल रविवार को काठमांडू लौटने वाले हैं.

खातों से रुपये निकालने वाले बदमाश गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा. उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना पुलिस ने एटीएम मशीनों में धोखाधड़ी कर लोगों के खातों से रुपये निकालने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मुठभेड़ के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि गत शनिवार बिसरख थाना पुलिस एसकेएस तिराहे पर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी. ग्रीन आर्च की ओर से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए. पुलिस के रोकने पर वे नहीं रुके और तेज गति से 6 प्रतिशत पार्क की ओर भागने लगे. उनकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई. खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी.

661 करोड़ मामले में सीबीआई का शिकंजा

- चंडीगढ़ और एनसीआर में कई ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली, 07 जून. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 661 करोड़ रुपये के सरकारी धन के कथित गबन मामले में रविवार को व्यापक कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़, पंचकूला और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में छह स्थानों पर छापेमारी की.

यह मामला आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू फाइनेंस बैंक से जुड़े वित्तीय लेनदेन तथा सरकारी धन के कथित दुरुपयोग से संबंधित है।सीबीआई की कार्रवाई हरियाणा सरकार के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों और नोएडा स्थित विपम कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड तथा उसके निदेशक के परिसरों पर केंद्रित रही। जांच एजेंसी को संदेह है कि सरकारी कर्मचारियों और बैंक अधिकारियों ने कथित रूप से आपसी मिलीभगत से खाते खुलवाए, सरकारी धन का हस्तांतरण किया और बाद में रकम को विभिन्न माध्यमों से दूसरी जगह भेजा गया.

जांच के अनुसार, इस कथित धोखाधड़ी का असर हरियाणा सरकार के आठ विभागों और चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश के दो विभागों पर पड़ा है। इनमें नगर निगम चंडीगढ़ और क्रेस्ट चंडीगढ़ भी शामिल बताए गए हैं. एजेंसी का मानना है कि सरकारी धन के गबन के लिए एक सुनियोजित तंत्र का इस्तेमाल किया गया.

रसोई गैस की दर बढ़ाकर लूट रही सरकार : खरगे

- आमजन पर पड़ रही महंगाई की मार पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, 07 जून. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि वह अब रसोई गैस के बहाने जनता को लूट रही है और 12 साल में उसने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 530 रुपये की वृद्धि की है.

श्री खरगे ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मोदी सरकार ने पिछले चार महीनों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में 89 रुपये की बढ़ोतरी की है. संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर 41 देशों से ईंधन विविधीकरण की बात कही थी, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी एलपीजी की किल्लत बनी हुई है. उज्ज्वला योजना के 5.56 करोड़ परिवारों ने केवल एक बार या एक भी बार रिफिल नहीं कराया. इनमें से 3.30 करोड़ परिवारों ने तो एक भी सिलेंडर रिफिल नहीं लिया. उन्होंने पूछा कि क्या यह स्थिति सरकार की नीतियों और बढ़ती कीमतों का परिणाम नहीं है.

कीमत दूसरे देशों से काफी नीचे : सरकार

नई दिल्ली. देश में पेट्रोलियम उत्पादों के दामों में बढ़ोतरी की आलोचनाओं के बीच सरकार ने रविवार को सफाई दी कि भारतीय परिवारों को आज भी पड़ोसी देशों की तुलना में रसोई गैस (एलपीजी) कहीं सस्ती दर पर उपलब्ध करायी जा रही है और पश्चिम एशिया के संकट के बावजूद गैस की कमी नहीं होने दी गयी है. गौरतलब है कि फरवरी के अंत में ईरान युद्ध छिड़ने के बाद भारत में पश्चिम एशिया से ईंधन की आपूर्ति प्रभावित हुई है, साथ ही वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के भावों में भी उछाल आया है अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए करीब 80 प्रतिशत आयात पर निर्भर है.

आज का इतिहास

1557 - इंग्लैंड ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की.
1658 - औरंगजेब ने आगरा के किले पर कब्जा किया.
1824 - नोह कुशिंग ने वाशिंग मशीन का पेंटेट कराया.
1935 - सैम पार्क्स जूनियर ने यूएस ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीता.
1936 - इंडियन स्टेट ब्रोडकास्टिंग सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो कर दिया गया.
1940 - 93वें तत्व नेपप्टुनियम की खोज की घोषणा की गयी.
1948 - भारत की पहली विमान सेवा एयर इंडिया ने भारत और ब्रिटेन के बीच हवाई सेवा शुरू की.

खान सर पर मानहानि केस में हाई कोर्ट पहुंचीं अंजना

नई दिल्ली. देश की जानी-मानी टीवी पत्रकार अंजना ओम कश्यप और चर्चित शिक्षक खान सर के बीच विवाद अब अदालत तक पहुंच गया है. अंजना ओम कश्यप ने खान सर के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया है. याचिका में आरोप लगाया गया है कि खान सर द्वारा की गई कथित टिप्पणियों से उनकी छवि और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है. जानकारी के अनुसार, यह विवाद एक टीवी कार्यक्रम के बाद शुरू हुआ. कार्यक्रम में ऑनलाइन शिक्षा और स्टार टीचर्स के बढ़ते प्रभाव तथा उनकी कार्यशैली को लेकर चर्चा की गई थी. खान सर ने प्रतिक्रिया देते हुए पत्रकारिता और मीडिया की भूमिका पर सवाल उठाए थे.



जोजिला सुरंग में बर्फबारी का मनोरम दृश्य

विश्व की सबसे ऊँची पहाड़ी पर स्थित 13,153 किलोमीटर लंबी ज़ोजिला सुरंग में रविवार को हुई बर्फबारी का मनोरम दृश्य. यह एक ही नली वाली दोतरफा सड़क सुरंग है, जो कि समुद्र तल से लगभग 11,578 फीट की ऊँचाई पर स्थित है.

एक नजर में

मोदी ने किया मलयालम अभिनेता सलीम के निधन पर किया शोक व्यक्त

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मलयालम सिनेमा के दिग्गज अभिनेता सलीम कुमार के निधन पर रविवार को गहरा दुख व्यक्त किया. श्री कुमार को एक बहुमुखी प्रतिभा का धनी कलाकार बताया, जिनके यादगार अभिनय ने भारतीय सिनेमा पर एक अमिट छाप छोड़ी है. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिग्गज अभिनेता सलीम कुमार के निधन से गहरा दुख हुआ है. उन्होंने विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं में अपने यादगार अभिनय से एक अलग पहचान बनाई.

पार्षद मोहम्मद जसिमुद्दीन पॉक्सो के तहत गिरफ्तार

कोलकाता. कोलकाता नगर निगम के जोड़ासांको के वार्ड नंबर 39 से पार्षद मोहम्मद जसिमुद्दीन को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया. तृणमूल नेता पर हुई इस ताजा कार्रवाई के बाद पिछले 24 घंटों में गिरफ्तार होने वाले पार्षदों की संख्या बढ़कर दो हो गयी है. वार्ड नंबर 101 के पार्षद बप्पा आदित्य दासगुप्ता को रंगदारी और जबरन वसूली के आरोप में पकड़ा था. जोड़ासांको थाने की टीम ने केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ मिलकर रविवार सुबह करीब छह बजे श्री जसिमुद्दीन के घर पर छापा मारा. लगभग छह घंटे तक चले घटनाक्रम के दौरान पार्षद ने पुलिस के बार-बार कहने पर भी दरवाजा नहीं खोला.

भारत जल्द बनेगा 45 अरब डॉलर की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था :डॉ. सिंह

नयी दिल्ली, 7 जून. विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का वर्तमान आकार करीब नौ अरब डॉलर की है जिसके अगले कुछ वर्षों में 45 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है. डॉ. सिंह ने रविवार को यहां इंडिया स्पेस कांग्रेस-2026 को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने में अंतरिक्ष क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी. उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में जारी सुधारों और निजी भागीदारी को बढ़ावा देने से भारत वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में तेजी से अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी निवेश और नवाचार के लिए खोलने के बाद इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है. आज बड़ी संख्या में स्टार्टअप अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, उपग्रह निर्माण, प्रक्षेपण सेवाओं और अन्य नवाचारों के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं.

राहुल ने की सार्थक-निसर्ग की प्रशंसा

राहुल बोले- 18 साल का सार्थक पूरे सिस्टम पर भारी

नीट और सीबीएसई मामले में युवाओं को सराहा

नई दिल्ली, 07 जून. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट और सीबीएसई से जुड़ी कथित अनियमितताओं के मामले में तथ्य सामने लाने वाले 18 वर्षीय सार्थक और उसके साथी निसर्ग की सराहना करते हुए कहा है कि देश की युवा शक्ति सत्ता और शासन से सवाल पूछने और सच उजागर करने का साहस रखती है.

श्री गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सार्थक मात्र 18 वर्ष का है, लेकिन उनकी सोच, साहस और सिद्धांत किसी से कम नहीं हैं.

उन्होंने कहा कि सार्थक और उसके साथी निसर्ग ने वह कर दिखाया जो देश के बड़े मीडिया संस्थान और खोजी पत्रकार भी नहीं कर पाए तथा सीबीएसई और सीओईएमपीटी की कथित मिलीभगत को देश के सामने रखा. उन्होंने कहा सरकार चाहती है कि युवा केवल मनोरंजन में उलझे रहें और सवाल न पूछें, लेकिन इन युवाओं ने न केवल सवाल पूछे बल्कि उनके जवाब भी तलाश निकाले. यह इस बात का प्रमाण है कि देश के नौजवान जागरूक, जिज्ञासु और जानकार हैं तथा भारत का भविष्य किसी बहकावे में आने वाला नहीं है. देश का 18 साल का बच्चा सीबीआई से तेज निकला.

सूरत में फैक्ट्री का सेप्टिक टैंक बना कब्र, चार मजदूरों की मौत

- गहना फैक्ट्री में जहरीली गैस बनी काल का कारण

सूरत (गुजरात), 7 जून. गुजरात के सूरत में एक आभूषण निर्माण फैक्ट्री में दर्दनाक हादसा हो गया. फैक्ट्री के सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस के कारण चार मजदूरों की मौत हो गई. सभी मजदूर टैंक की सफाई के लिए अंदर उतरे थे.

घटना के बाद पुलिस और फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंची. पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है. सूरत के अश्विनी कुमार क्षेत्र स्थित एक आभूषण निर्माण फैक्ट्री में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया. फैक्ट्री के सेप्टिक टैंक में उतरने वाले चार मजदूरों की संदिग्ध जहरीली गैस के कारण मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. सूरत जोन-1 के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आलोक कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में चारों मजदूरों की मौत दम घुटने से होने की आशंका है.

दिल्ली में केजरीवाल से मिलीं ममता

- इंडिया ब्लॉक की बैठक से पहले गठबंधन को मजबूत करने पर जोर

नई दिल्ली, 07 जून. नई दिल्ली में रविवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी की अहम बैठक हुई.

यह मुलाकात इंडिया ब्लॉक की आगामी बैठक से ठीक पहले हुई और इसे विपक्षी गठबंधन की एकजुटता के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी भी ममता के साथ मौजूद रहे. बैठक में दोनों नेताओं ने आगामी राजनीतिक घटनाक्रम और गठबंधन की रणनीति पर चर्चा की. यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब विपक्षी दलों की एकता को लेकर चर्चाएं तेज हैं। सूत्रों के अनुसार, बैठक का मकसद आगामी चुनावी परिस्थितियों के मद्देनजर विपक्षी दलों के बीच समन्वय बढ़ाना और रणनीतिक कदम तय करना था. अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी लंबे समय से विपक्षी गठबंधन के प्रमुख चेहरे रहे हैं।

अमेरिका और ईरान की वार्ता हुई जटिल

तेहरान, 07 जून. ईरान ने कहा है कि अमेरिका के साथ चल रही वार्ताओं में सबसे बड़ी समस्या ट्रंप प्रशासन का लगातार बदलता और परस्पर विरोधाभासी रुख है, जिससे बातचीत की प्रक्रिया बेहद जटिल हो गयी है.

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने रविवार को तेहरान में बातचीत के दौरान कहा कि अमेरिका के साथ संदेशों का आदान-प्रदान अभी भी पाकिस्तानी मध्यस्थों के माध्यम से जारी है. श्री बघाई ने कहा कि इस प्रशासन के साथ बातचीत की सबसे बड़ी समस्या यह है कि आपको लगातार बदलते रुख, लक्ष्य बदलने की प्रवृत्ति, अलग-अलग अधिकारियों के अलग और विरोधाभासी बयानों का

सामना करना पड़ता है. इससे पूरी प्रक्रिया बेहद कठिन हो जाती है. उन्होंने कहा कि वार्ता में कई विवादित मुद्दे हैं, लेकिन मुख्य प्रश्न यह है कि अमेरिका को ईरान के अधिकारों को स्वीकार करना होगा, जिसमें परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के तहत शांतिपूर्ण परमाणु संवर्धन का अधिकार भी शामिल है. श्री बघाई ने कहा कि जब वे हमारी अवरुद्ध संपत्तियों की बात करते हैं तो कोई रियायत देने को तैयार नहीं हैं. ईरान लंबे समय से विदेशी बैंकों में जमी अपनी अरबों डॉलर की संपत्तियों को मुक्त कराने की मांग कर रहा है.

> श्री बघाई ने कहा, वे होर्मुज जलडमरूमध्य और अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों में हमारे वाणिज्यिक जहाजों पर हमले कर रहे हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि मौजूदा स्थिति बेहद अस्थिर और खतरनाक है तथा इसके लिए अमेरिका का क्षेत्र के प्रति और युद्धविराम के प्रति लापरवाह रवैया जिम्मेदार है. दूसरी ओर, अमेरिकी सेना ने कहा है कि वह खाड़ी क्षेत्र में ईरानी आक्रामकता के खिलाफ रक्षा के लिए तैयार है.

डेटा समन्वय को बढ़ावा दे रही एनएफएचएस-6 रिपोर्ट

नई दिल्ली. एनएफएचएस-6 की फैक्ट शीट्स का जारी होना भारत के स्वास्थ्य एवं सांख्यिकीय तंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है. स्वास्थ्य, पोषण और जनसंख्या संबंधी प्रमुख संकेतकों में हुई प्रगति को रेखांकित करने वाली ये फैक्ट शीट्स सरकार के राष्ट्रीय डेटा प्रणालियों के समन्वय (डेटा हार्मोनाइजेशन) के प्रयासों को भी नई गति देती हैं. वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, एनएफएचएस-6 फैक्ट शीट्स में 101 प्रमुख संकेतकों को शामिल किया गया है, जो देश के स्वास्थ्य और जनसांख्यिकीय परिदृश्य की एक संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण तस्वीर प्रस्तुत करते हैं. यह केवल सूचना प्रसार का पहला चरण है.

जलवायु परिवर्तन दुनिया की जलवायु और महासागरों के संतुलन में बर्फीले तंत्र की अहम भूमिका

महासागरों की सेहत की कुंजी है क्रायोस्फीयर

नई दिल्ली, 07 जून. पृथ्वी पर मौजूद बर्फ सिर्फ ठंडे इलाकों की पहचान नहीं है, बल्कि यह पूरी दुनिया की जलवायु और महासागरों के संतुलन को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है. इसी बर्फीले तंत्र को 'क्रायोस्फीयर' कहा जाता है.

वैज्ञानिकों का मानना है कि महासागरों का भविष्य काफी हद तक क्रायोस्फीयर की स्थिति पर निर्भर करता है. यही वजह है कि आज दुनियाभर में इसके संरक्षण और अध्ययन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पृथ्वी पर बर्फ के सभी रूपों को मिलाकर क्रायोस्फीयर कहा जाता है. यह शब्द ग्रीक भाषा के 'क्रियोस' से

लिया गया है, जिसका मतलब है बर्फीली ठंड. आज की जलवायु परिवर्तन की चर्चा में क्रायोस्फीयर बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमारे महासागरों की सेहत और भविष्य से सीधे जुड़ा हुआ है. क्रायोस्फीयर में शामिल हैं- जमीन पर पड़ी बर्फ, नदियों और झीलों की बर्फ, हमेशा जमी रहने वाली जमीन (पर्माफ्रॉस्ट), अंटार्कटिका और ग्रीनलैंड की विशाल हिम वॉल्स, हिमनद (ग्लेशियर), हिम शिखर, बर्फ के टुकड़े (आइसबर्ग) और समुद्री बर्फ. ये सभी मिलकर पृथ्वी के ठंडे इलाकों का निर्माण करते है.

> यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन (यूनेस्को) के अनुसार, क्रायोस्फीयर महासागरों को नियंत्रित करने में बड़ी भूमिका निभाता है. ग्लेशियरों और हिम चादरों से पिघलकर आने वाला मीठा पानी महासागरों की धाराओं को प्रभावित करता है. समुद्री बर्फ सूरज की किरणों को (रिफ्लेक्ट) करती है जिससे पृथ्वी का तापमान नियंत्रित रहता है.

मुंबई में चाकूबाजी, 1 की मौत, 3 घायल

मुंबई. मुंबई के कुरार पुलिस स्टेशन क्षेत्र में अप्पा पाड़ा इलाके के पास दिनदहाड़े एक व्यक्ति ने चाकू से 4 लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया. इस हमले में 28 वर्षीय आकाश धोत्रे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को तुरंत शताब्दी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।पुलिस ने बताया कि हमले के तुरंत बाद दो आरोपियों को पकड़ लिया गया है. कुरार पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है. पूछताछ में पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हमले के पीछे क्या कारण था और क्या इसमें कोई पूर्व योजना शामिल थी.

सेना के उच्चाधिकारियों समेत 12 की मौत

बेरूत, 07 जून. दक्षिणी लेबनान में हुए इजरायली हमलों में सेना के उच्च अधिकारी समेत कम से कम 12 लोग मारे गये हैं.

यह हमला दोनों देशों के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में हुई सशर्त युद्धविराम पर सहमति बनने के कुछ ही दिनों बाद हुआ है. लेबनान की सेना ने कहा कि खरदाली-नबातीह मार्ग पर एक सैन्य वाहन पर हुए इजरायली हमले में एक ब्रिगेडियर जनरल, एक कैप्टन और एक सैनिक की मौत हो गयी.

वहीं इजरायली सेना ने कहा कि शनिवार का हमला एक सक्रिय युद्ध क्षेत्र में हुआ था. सेना ने यह भी कहा कि इस घटना की जांच की जा रही है. लेबनानी सेना ने कहा कि जानबूझकर और बार-बार किये जा रहे क्रूर इजरायली आक्रमण का जारी रहना, समाधान तक पहुंचने के सभी प्रयासों को विफल करने के उद्देश्य से है.

लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने इस हमले की निंदा करते हुए इसे लेबनानी संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों व मानदंडों का घोर उल्लंघन बताया. लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने इसे जघन्य अपराध और सभी लेबनानी पर हमला करार दिया.

श्री सलाम ने हमले में मारे गये ब्रिगेडियर जनरल वस्साम सबरा, कैप्टन एली खौरी और सैनिक हुसैन गोजाल के परिवारों और सहयोगियों के साथ-साथ लेबनानी सेना के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की.

ओहायो में गोलीबारी में 12 लोग घायल

न्यूयॉर्क, 07 जून. अमेरिका में ओहायो के टोलेडो शहर में एक उत्सव में पास हुयी गोलीबारी में बारह लोग घायल हो गए है. पुलिस ने घटना की पुष्टि की है. पुलिस उप प्रमुख जोसेफ हेफ़रनन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अभी तक की जानकारी के मुताबिक 12 लोगों को गोली लगी है, जिनमें से दो की हालत गंभीर है. उन्होंने कहा कि पुलिस का मानना है कि दो हमलावर थे जिन्होंने एक-दूसरे पर गोलियां चलाईं. पुलिस ने बताया कि अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है.